## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर आज दोपहर बाद पहुंचेंगी रांची, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, दो दिनों के लिए सुबह आठ से रात दस बजे तक शहर में बड़े वाहनो के प्रवेश पर रोक।
2. विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने एनआईटी जमशेदपुर में तकनीकी महोत्सव ओजस का किया शुभारंभ, कहा– तकनीकी क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर बन सकता है सशक्त।
3. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में नाबार्ड के सहयोग से चल रही योजनाओं की समीक्षा की, क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिये निर्देश।
4. रांची सिविल कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा खर्च की वसूली के लिए रातू अंचल कार्यालय की अचल संपत्ति की गयी अटैच। और
5. जैक बोर्ड के मैट्रिक और इंटर की आज की परीक्षा शब–ए–बारात के अवकाश के कारण स्थगित, अब यह परीक्षा चार मार्च को होगी।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दोपहर बाद दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर सभी प्रशानिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा दृष्टिकोण से कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं।

*********************

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर में तकनीकी उत्सव ओजस का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री महतो ने कहा कि ओजस युवाओं के विचारों, कल्पनाओं और रचनात्मक क्षमताओं को एक दिशा देने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर सशक्त बन सकता है। उन्होंने अभियंताओं को किसानों की उन्नति के लिए तकनीक विकसित करने की सलाह दी।

*********************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक– नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के समय पर पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन पर फोकस करने पर बल दिया।

*********************

रांची सिविल कोर्ट के मुंसिफ चंदन कुमार गोस्वामी के आदेश पर मुकदमा खर्च की वसूली के लिए रातू अंचल की अचल संपत्ति अटैच कर ली गयी है। प्रार्थी हीरावती देवी ने जमीन की रसीद कटवाने के लिए वर्ष 2016 में मुंसिफ कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने वर्ष 2019 को हीरावती देवी के पक्ष में फैसला सुनाया था। कोर्ट ने रातू अंचल को निर्देश दिया था कि जमीन का किराया लेकर हीरावती देवी के पक्ष में रसीद जारी करें। साथ ही कोर्ट ने मुकदमा खर्च के रुप में 25 हजार रुपये दो महीने के भीतर भुगतान करने का भी आदेश दिया था। लेकिन मुकदमा खर्च हीरावती देवी को नहीं दिया गया। इसके बाद रातू अंचल कार्यालय की अचल संपत्ति अटैच कर ली गयी।

*********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुमला जिले के बसिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अंडा उत्पादन और मुर्गी पालन से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद किया। सुश्री तिर्की ने जिला मुख्यालय स्थित संत इग्नेशियस उच्च विद्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि उनका यह

दौरा विशेष रूप से किसानों की स्थिति का आकलन करने और उनके सशक्तीकरण की संभावनाओं को समझने के लिए था। उन्होंने गुमला जिले में कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर कार्यों की सराहना की और किसानों से संगठित खेती करने की अपील की।

**********************

स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है।

**********************

दुमका जिले में 8 मार्च को लोक अदालत का आयोजन होगा। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

झारखंड अधिविद परिषद –जैक की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की आज की परीक्षाएं स्थगित कर दी गयी हैं। राज्य सरकार ने शब– ए– बारात पर होनेवाले अवकाश के कारण इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। अब यह परीक्षाएं चार मार्च को होंगी। आज जनजातीय भाषाएं खडिया, खोरठा, कुरमाली, नागपुरी और पंच परगनिया की परीक्षा होनी थी।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज शब–ए बारात का त्यौहार मनाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की। जामताड़ा जिले में सर्खेलडीह, पाकडीह सहित अन्य मस्जिदों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। इमाम मौलाना अख्तर ने कहा कि इस मौके पर अपने और अपने मुल्क में अमन चैन, शांति , खुशहाली सबके हित और बरकत के लिए दुआ मांगी जाती है।

**********************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जम्मू में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह के अंतिम संस्कार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– शहीद की अंतिम यात्रा... कैप्टन करमजीत को हजारीबाग ने पलकों पर किया विदा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय दौरे को लेकर आज व कल बदली रहेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्थाा।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– वक्फ विधेयक रिपोर्ट पर संसद में विपक्ष बिफरा।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– जिलों से रिपोर्ट का इंतजार, शिवरात्रि से पहले मिल सकती है मंइयां सम्मान योजना की राशि।

**अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

********समाप्त*************